PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Punjab Kesari, Delhi**
**Wednesday, 20th June 2018; Page: 7**
**Width: 5.47 cms; Height: 15.12 cms; a4; ID: 55.2018-06-20.51**

# मोदी का योग, सब हों निरोग

नई दिल्ली, (दिनेश शर्मा) : राजधानी के सामाजिक संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 21 जून को घोषित योग प्रयोग में सभी भारतवासियों को शामिल होने की अपील की है। आज प्रातः उद्यानों में पदयात्रा करके सर्वश्री सुखवीर शरण अग्रवाल, चमन लाल मारवाह तथा देवराज बावेजा और राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि मोदी ने स्वस्थ व फिट रहने के लिए जो रास्ता दिखाया है उससे लोग निरोगी होंगे। योग प्रेमियों ने कहा कि योग करने से न सिर्फ हम स्वस्थ रहते हैं अपितु कई बीमारियों से दूर हो जाने के कारण हम नयी ऊर्जा से भी भर जाते हैं। सुखवीर शरण अग्रवाल ने कहा कि देश के इतिहास के पहले पीएम है मोदी जिन्होंने देशभर में सात करोड से ज्याद शौचालय बनवाने का प्रयास करके एक नयी पहल की। मोदी के प्रयासों से ही विश्वभर खासकर भारत में योग के जरिये जीवन शैली बदलने का नया इतिहास जुड़ा हैं।